# कार्यालय प्रधानाचार्य, सरोजिनी नायडू चिकित्सा महाविद्यालय, आगरा।

पत्रांकः छात्र/नान पी.जी.जू.रेजी./2025/233 दिनांकः 29/08/25

## सेवायोजन विज्ञप्ति

चिकित्सा शिक्षा अनुभाग–1 के शासनादेश संख्याः 368805/2023/71–1001(099)/239/2021 दिनांकः 14 अगस्त, 2023 के कम में एस0एन0 मेडिकल कालेज, आगरा के इमरजेन्सी मेडिसिन विभाग में नॉन पी0जी0 जूनियर रेजीडेण्ट के पदों पर ग्रेड–पे 5400 एवं पे–मैट्रिक्स रू0 56100.00 प्रतिमाह पर निर्धारित प्रारूप पर आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।

**पदों का विवरण**

| क0 स0 | विभाग का नाम | अनु0 जाति | अ0पि0व0 | अनारक्षित | कुल योग |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | इमरजेन्सी मेडिसिन | - | - | 03 | 03 |
| | कुल योग | - | - | **03** | **03** |

शासनादेश के अनुसार उपरोक्त पदों हेतु शैक्षिक अर्हता एम0बी0बी0एस0/बी0डी0एस0 के साथ एम0एच0ए0 (Master of Hospital Administration) डिग्री अनिवार्य है। अभ्यर्थियों का चयन उनके द्वारा एम0बी0बी0एस0/बी0डी0एस0 एवं एम0एच0ए0 परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर किया जायेगा तथा साक्षात्कार में कोई अंक नही दिये जायेंगे। जिन अभ्यर्थियों ने निर्धारित योग्यता प्रथम प्रयास में उत्तीर्ण की है, उनको प्राप्तांक पर पूर्ण प्रतिशत मिलेगा एवं जिन अभ्यर्थियों ने उक्त परीक्षायें अटैम्प्ट के साथ उत्तीर्ण की है, उनका प्रति अटैम्प्ट एक प्रतिशत प्रति विषय कम कर दिया जायेगा। जिन अभ्यर्थियों ने किसी भी मेडिकल/डेण्टल कॉलेज/चिकित्सा संस्थान में तीन वर्ष तक नॉन पी0जी0 जूनियर रेजीडेण्ट के पद पर कार्य किया है, उनके अभ्यर्थन पर विचार नही किया जायेगा। अभ्यर्थियों के चयन में आरक्षण उ0प्र0 शासन द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार लागू है। उक्त पदों पर नियुक्ति 30 जून, 2026 तक अथवा इससे पूर्व महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, लखनऊ द्वारा अनिवार्य शासकीय सेवा बाण्ड के अन्तर्गत नॉन पी0जी0 जूनियर रेजीडेण्ट (एम0एच0ए0) पद पर नियुक्त/नामित अभ्यर्थी के ज्वाइन करने तक, जो भी पहले घटित हो, तक के लिये अस्थाई रूप से की जानी है।

इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित आवेदन पत्र का प्रारूप कॉलेज की बेबसाइट **www.snmcagra.ac.in** से डाउनलोड कर एवं उसे पूर्ण कर समस्त संलग्नकों सहित **साक्षात्कार हेतु दिनांक 04.09.2025 को प्रातः 10.30 बजे प्रधानाचार्य कार्यालय में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।** पदों की संख्या घट–बढ़ सकती है।

आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित प्रमाणपत्रों की स्व–प्रमाणित छायाप्रतियॉ संलग्न करना अनिवार्य है एवं साक्षात्कार के समय मूल रूप में लाना अनिवार्य है।

1. हाईस्कूल प्रमाणपत्र 2. एम0बी0बी0एस0/बी0डी0एस0 एवं एम0एच0ए0 की समस्त अंकतालिकाएं 3. इन्टर्नशिप कम्पलीशन सर्टिफिकेट 4. एम0बी0बी0एस0/बी0डी0एस0 एवं एम0एच0ए0 की अस्थाई/स्थायी डिग्री 5. एम0बी0बी0एस0/बी0डी0एस0 एवं एम0एच0ए0 परमानेन्ट मेडिकल रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट 6. अटैम्पट सर्टिफिकेट 7. आरक्षित श्रेणी का प्रमाणपत्र(ओ0बी0सी0 श्रेणी के अभ्यर्थियों का प्रमाणपत्र 01 अप्रैल, 2025 के उपरान्त का होना अनिवार्य है)

प्रधानाचार्य,
एस0एन0 मेडिकल कालेज, आगरा।